BRAMPTON

**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन में ई-स्कूटर पायलट प्रोग्राम की शुरूआत हो रही है

***यह प्रोग्राम पूरी तरह से क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क बनाने और कम्युनिटीज को जोड़ने में योगदान देगा***

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (6 अप्रैल, 2023) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, न्यूरॉन मोबिलिटी (Neuron Mobility), बर्ड कैनेडा (Bird Canada) और स्कूटी मोबिलिटी (Scooty Mobility) के साथ साझेदारी में, ब्रैम्पटन के पहले ई-स्कूटर प्रोग्राम की शुरूआत कर रही है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में जनता के प्रयोग के लिए, 750 स्कूटर उपलब्ध होंगे।

प्रयोगकर्ता, तालाबंद ई-स्कूटर तक पहुंचकर, क्यू.आर. (QR) कोड स्कैन करके, ऐप डाउनलोड करके, इसे खोलने के बारे में विक्रेता के निर्देशों का पालन करके इसे चला सकते हैं, यह निवासियों को दूसरे स्थिर क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन विकल्प के साथ जोड़ रहा है। ई-स्कूटरों को 50 कि.मी./घंटे या कम स्पीड सीमा से सड़कों, साइकिल लेन्स और मल्टी-यूज रास्तों पर चलाया जा सकता है। कुछ स्थानों पर इनकी अधिकतम स्पीड को कम करके 15 कि.मी./घंटे पर करते हुए, जिओ-फेंसिंग के साथ, 20 कि.मी./घंटे तक चलाया जाएगा। ये साइडवाक्स पर चलाने के लिए नहीं हैं। यदि ई-स्कूटर को किसी नो-राइडिंग के लिए तय ज़ोन में ले जाया जाता है, तो वाहन अपने आप बंद हो जाएगा और प्रयोगकर्ता को सूचना मिलेगी कि उन्हें इसे अनुमति वाले क्षेत्र में ही ले जाना चाहिए।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन प्रोग्रामों को प्राथमिकता दे रही है और संपूर्ण स्ट्रीट्स से जुड़े संपूर्ण क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क तैयार करते हुए, अधिक जुड़ी हुई कम्युनिटीज बनाने की योजना बना रही है।

जनवरी 2021 में, प्रांत ने म्युनिसिपल्टीज को ई-स्कूटरों के प्रयोग को रेग्युलेट करने की अनुमति देते हुए, पांच-वर्षीय इलेक्ट्रिक किक-स्कूटर (Kick-Scooter) पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था। क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन के मूल आधार के तौर पर, ई-स्कूटर प्रोग्राम निवासियों को, कम्युनिटीज, सेवाओं और कारोबारों को डाउनटाउन के केंद्र और ब्रैम्पटन के नेबरहुडस के साथ जोड़ेगा।

क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन, एक ही सवारी वाले वाहन की ट्रिपों को कम करने के लिए और कम्युनिटी डिज़ाइन के मेजबान और पब्लिक हेल्थ संबंधी समस्याओं पर ध्यान देने के लिए, शानदार अनोखे अवसरों में से एक है। ई-स्कूटर प्रोग्राम वह तरीका है, जिस पर सिटी ऑफ ब्रैम्पटन एक व्यापक क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क बनाने के लिए काम कर रही है।

क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन मास्टर प्लान (ए.टी.एम.पी.) (Active Transportation Master Plan) (ATMP), सिविक स्थिरता में योगदान देने और पैदल चलने, साइकिल चलाने और ट्रांजिट पर जोर देते हुए, सुरक्षित, एकीकृत ट्रांसपोर्टेशन विकल्पों के मोजैक हेतु, ब्रैम्पटन के 2040 विजन (Brampton's 2040 Vision) की हिमायत के लिए नेटवर्क प्लान, पॉलिसीज और प्रोग्राम प्रदान करता है।

सिटी, escooters@brampton.ca के द्वारा नागरिकों के फीडबैक का निरीक्षण करेगी। अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/escooters पर जाएं।

**महत्वपूर्ण लिंक:**

- बर्ड माइक्रो-इलेक्ट्रिक मोबिलिटी: शहरों के लिए इलेक्ट्रिक बाइकें और स्कूटर (Bird Micro-Electric Mobility: Electric Bikes and Scooters For Cities)
- न्यूरॉन मोबिलिटी: सुरक्षा देने वाले ई-स्कूटर और ई-बाइक ऑपरेटर (Neuron Mobility: Safety-leading e-scooter and e-bike operator) (rideneuron.com)
- स्कूटी | सवारियां शेयर करना, इलेक्ट्रिक स्कूटर, इलेक्ट्रिक बाइकें, एक्सेसरीज स्टोर (SCOOTY | Ridesharing, Electric Scooters, Electric Bikes, Accessories Store) (ridescooty.com)
- सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का साइकलिंग और ट्रेल्स मानचित्र (City of Brampton Cycling and Trails Map)

**हवाले**

“पहुंच योग्य और क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन पेश करना, सिटी के लिए प्राथमिकता है और यह पायलट प्रोग्राम ऐसा करने का एक तरीका है। हमें ब्रैम्पटन के निवासियों तथा विजीटर्स के लिए अवसर बढ़ाने हेतु हमारे साझेदारों के साथ मिलकर काम करने की बेहद खुशी है। हम लोगों को उन जगहों और स्थानों से जोड़ रहे हैं, जो हमारे शहर को इतना शानदार बनाते हैं और कम्युनिटी में अपनेपन की भावना को और मजबूत करते हैं।”

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“स्कूटी को यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमारी ई-स्कूटर सेवा अब सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में उपलब्ध है। स्कूटी को, ब्रैम्पटन की माइक्रोमोबिलिटी कंपनी होने पर गर्व है, जो ई-स्कूटर उद्योग के लिए कनाडा का जवाब है। हम साझेदारी-आधारित माइक्रोमोबिलिटी की हमारी धारणा को, 2019 में सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में लाए थे और 2020 में शहर के साथ अपना पहला पायलट प्रोजेक्ट चलाया था। अब स्कूटी, निवासियों तथा आने वालों के लिए रोजाना आने-जाने तथा यात्रा करने के तरीके को बदलने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने हेतु ब्रैम्पटन में वापस लौट आई है। ब्रैम्पटन में गतिशीलता का भविष्य मल्टीमॉडल है और हम आपके लिए उन ट्रिपों को अधिक आसान बनाने के लिए मौजूद हैं।”

*- शोएब अहमद (Shoaib Ahmed), फाउंडर और सी.ई.ओ., स्कूटी*

"चूंकि पहली बार बर्ड को कैनेडा में हम लाए थे, हमने देखा कि बहुत-से लोग अपने शहरो में इधर-उधर जाने के लिए ई-स्कूटरों को भरोसेमंद, सस्ते और स्थिर तरीके के तौर पर अपनाते हैं, ब्रैम्पटन एक जोशीली कम्युनिटी है और हमें यहां साझे माइक्रोमोबिलिटी प्रोग्राम का हिस्सा बनने पर गर्व है। हम, पूरी प्रक्रिया में ब्रैम्पटन के सभी लीडरों के चिंतनशील और सहयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए उनके शुक्रगुजार हैं। "

- *स्टीवार्ट लियोन्स (Stewart Lyons), प्रेजिडेंट, बर्ड*

“हम, सुरक्षित, स्मार्ट और स्थिर यात्रा विकल्पों तक अधिक पहुंच के द्वारा, कम्युनिटी पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ साझेदारी करने पर उत्साहित हैं। न्यूरॉन में, सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है, हमारा ई-स्कूटर डिजाइन इसे दर्शाता है और यह भी बताता है कि हम उन्हें कैसे संचालित करते हैं। हमारे ई-स्कूटर बिल्कुल आधुनिक सुरक्षा विशेषताओं से भरपूर हैं और अन्य शहरों में हुए अनुभव के द्वारा हम जानते हैं कि राइडर इसकी बहुत सराहना करते हैं। भविष्य में राइडस के लिए मुफ्त क्रेडिट प्राप्त करने हेतु, हमारी ऑनलाइन ScootSafe एकेडमी में राइडरों का स्वागत है। हम सभी राइडरों को यह भी याद दिलाना चाहते हैं कि कभी भी शराब पीकर स्कूटर न चलाएं, इसकी पार्किंग जिम्मेदारी से करें और उन्हें हेलमेटों के साथ सुरक्षित रखें, जो हमारे ई-स्कूटरों पर प्रदान किए जाते हैं।”

- *अंकुश करवाल (Ankush Karwal), न्यूरॉन मोबिलिटी में कैनेडा के लिए हेड ऑफ मार्किट*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca